# उत्तर प्रदेश विधान सभा

## Third Session -2026

## 4th, August 2026

----

**कुल प्रश्न** - 19

----

18/15/1 *1 **Shri Swami Omvesh (Chandpur):**

0 **Jal Shakti and Flood Control** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बरसात के समय में अत्याधिक जल आने से गंगा नदी के किनारे बसे किसानों की फसलें/आवास पानी मे डूब जाने से उनके सामने आर्थिक संकट आ जाता है? क्या सरकार गंगा नदी के किनारों पर तटबन्ध बनाने की योजना पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/7 *2 **Shri Samarpal Singh (Naugawan Sadat):**

0 **Jal Shakti and Flood Control** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में संचालित हर घर जल मिशन योजना के कार्य में पाइप लाइन बिछाने के लिए ग्रामों में तोड़ी गयी सड़कों का शत-प्रतिशत पुनर्निर्माण करा दिया है? क्या सरकार उक्त कार्य में लापरवाही बरतने तथा समय से कार्य न पूर्ण कराने वाले अधिकारियों एवं ठेकेदारों पर कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/27 *4 **Shri Nafees Ahmad (Gopalpur):**

0 **Home** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डीपफेक तकनीक के माध्यम से सोशल मीडिया पर महिलाओं के

विरुद्ध मॉर्फिंग, साइबर स्टॉकिंग, डिजिटल ब्लैकमेलिंग एवं अन्य साइबर अपराधों की घटनाओं में वृद्धि हो रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अपराधों की रोकथाम, त्वरित जांच एवं दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु प्रदेश में कोई विशेष नीति बनाने तथा तकनीकी तंत्र अथवा साइबर प्रकोष्ठ स्थापित करने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/31 *5 **डॉ0 संग्राम यादव (अतरौलिया):**

**उच्च शिक्षा** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के युवाओं में राजनीति के प्रति सकारात्मक छवि एवं लोकतांत्रिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से राज्य के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव बहाल करने की कोई नीति या योजना बनाई गई है? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/33 *6 **श्री प्रभुनारायण सिंह यादव (सकलडीह):**

**राजस्व** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में पैतृक संपत्ति के उत्तराधिकार एवं वरासत से संबंधित दशकों से लंबित जटिल राजस्व वादों का त्वरित निस्तारण करने तथा फर्जी वंशावली के आधार पर संपत्ति हड़पने की घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से, संदिग्ध मामलों में दावेदारों की 'डीएनए सैंपलिंग' कराकर वैज्ञानिक आधार पर असली वारिस की पहचान सुनिश्चित करने हेतु सरकार 'उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता' में आवश्यक संशोधन कर कोई 'वैज्ञानिक साक्ष्य आधारित वरासत नीति' लागू करेगी? यदि हाँ, तो क्या सरकार इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में अत्यधिक विवादित तहसीलों में शुरू करने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो राजस्व न्यायालयों में वंशावली विवादों के निस्तारण हेतु सरकार की क्या वैकल्पिक योजना है?

----

18/15/39 *7 **डॉ0 राकेश कुमार वर्मा उर्फ डा० आर० के० वर्मा (रानीगंज):**

**ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण** क्या उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं के कितने स्वयं सहायता समूहों का गठन हुआ है? क्या सरकार बतायेगी कि स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कोई योजना संचालित की जा रही है? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/40 *8 **डॉ0 हृदय नारायण सिंह पटेल (सगड़ी):**

**ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण** क्या उप

मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर आवास विहिन ग्रामीण वासियों को आवास बनाने के लिए सरकार की कोई नीति है? यदि हां तो उक्त हेतु पात्रता का चयन का आधार क्या है? क्या सरकार विधायकों के प्रस्ताव के आधार पर आवास उपलब्ध करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/42 *9 **श्री महेंद्र नाथ यादव (बस्ती सदर):**

**बेसिक शिक्षा** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के निजी स्कूलों में वसूली जा रही फीस के सापेक्ष
शिक्षा का स्तर उठाने के उद्देश्य से शिक्षकों की योग्यता, मानदेय, बच्चों की कोर्स किताबों तथा ड्रेस आदि निर्धारित करने सम्बन्धी कोई नियमावली बनाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/43 *10 **Shri Pankaj Patel (Mungra Badshahpur):**

0 **Basic Education** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में शिक्षा का अधिकार कानून सरकारी एवं प्राइवेट स्कूल में एक समान लागू है? यदि नहीं, तो उक्त के क्या कारण है? क्या सरकार शिक्षा का अधिकार कानून को प्रदेश के सरकारी तथा प्राइवेट स्कूल में एक समान लागू करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/44 *11 **डॉ0 पल्लवी पटेल (सिराथू):**

**गृह** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों के प्रमुख चौराहों पर ए०आई० चालित ट्रैफिक व्यवस्था चालू करने पर सरकार ने कोई नीति बनाई है? यदि हां, तो क्या सरकार बतायेगी कि ए०आई० चालित ट्रैफिक व्यवस्था कब तक लागू करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/47 *12 **इंजी0 बृजेश कठेरिया (किशनी):**

**गृह** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में अपराधों की सटीक विवेचना और वास्तविक अपराधियों की त्वरित पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, आधार कार्ड की तर्ज पर प्रदेश के सभी नागरिकों का 'डीएनए डेटाबेस' तैयार करने तथा इसकी डाटा सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए राज्य स्तरीय नीति बनाने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/51 *13 **श्री तेज प्रताप सिंह (करहल):**

**गृह** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में महिलाओं एवं बच्चों के

विरुद्ध जघन्य अपराधों में गवाहों के पक्षद्रोही की स्थित में सजा सुनिश्चित करने तथा 'दोषसिद्धि दर' में गुणात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से, यौन अपराधियों की अनिवार्य 'डीएनए प्रोफाइलिंग' हेतु सरकार एक 'व्यापक राज्य डीएनए डेटाबेस नीति' बनाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/56 *14 **श्री अतुल प्रधान (सरधना):**

**बेसिक शिक्षा** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में प्राइवेट स्कूलों द्वारा कोर्स की किताबें तयशुदा बुक स्टोर से खरीदे जाने हेतु छात्रों को बाध्य करने की शिकायतें सरकार को प्राप्त हुई हैं? यदि हाँ ,तो क्या सरकार प्राइवेट स्कूल के कोर्स की किताबों की कीमत निर्धारित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/59 *15 **श्री आशु मलिक (सहारनपुर):**

**गृह** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि आधुनिक पुलिसिंग व्यवस्था के अंतर्गत कानून-व्यवस्था एवं अपराधों के अन्वेषण कार्यों को अलग-अलग शाखाओं के माध्यम से संचालित किए जाने के संबंध में क्या प्रदेश सरकार की कोई नीति या कार्ययोजना है? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है तथा इसे प्रदेश में किस प्रकार और कब तक लागू किए जाने की क्या योजना है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/63 *16 **डॉ0 रागिनी (मछलीशहर):**

**सचिवालय प्रशासन** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विभाग में आउटसोर्सिंग के माध्यम से योग्यता के अनुसार विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को आरक्षण का पूर्ण लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है? क्या सरकार ने उक्त के निराकरण के संबंध में कोई योजना बनाई है? यदि हां, तो उक्त योजना से अब तक क्या लाभ प्राप्त हुए हैं? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/68 *17 **श्रीमती नसीम सोलंकी (सीसामऊ):**

**अल्पसंख्यक कल्याण** क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के अल्पसंख्यकों का शैक्षिक व आर्थिक पिछड़ापन दूर करने के लिए अल्पसंख्यकों हेतु कहां और कितने कोचिंग सेंटर, मॉडल स्कूल व तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र आदि खोले गए हैं? क्या सरकार की सभी मान्यता प्राप्त अनुदानित मदरसों को नवोदय विद्यालय जैसी सुविधा सम्पन्न करने और उनमें तैनात शिक्षकों के अवशेष मानदेय का भुगतान किसी निश्चित समयावधि तक करने की कोई योजना है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/74 *18 **श्री कमलाकान्त राजभर उर्फ पप्पू (दीदारगंज):**

**पंचायती राज** क्या पंचायतीराज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में ग्राम प्रधानों को वर्तमान में दिए जा रहे मानदेय को बढ़ाए जाने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/102 *19 **श्री अखिलेश (मुबारकपुर):**

**बेसिक शिक्षा** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के आकांक्षी जनपद में 10 वर्षों से कार्यरत अध्यापकों का गृह जनपदों में सत्र 2026 में अन्तर्जनपदीय स्थानान्तरण करने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/119 *20 **श्री राहुल राजपूत उर्फ राहुल लोधी (हरचंदपुर):**

**माध्यमिक शिक्षा** क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश में संचालित लगभग 23 हजार वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत लाखों शिक्षक लंबे समय से अत्यंत अल्प मानदेय, अस्थिर सेवा शर्तों तथा विद्यालय प्रबंधन की मनमानी के बीच शिक्षण कार्य करने को विवश हैं ? क्या सरकार वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए सम्मानजनक मानदेय, स्थिर सेवा शर्तें, ईपीएफ, चिकित्सा सुविधा एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु कोई ठोस नीति या सेवा नियमावली बनाने पर विचार करेगी? यदि नहीं ,तो क्यों?

----